भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2059
गुरूवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए नई पर्यटन विकास परियोजनाएं**

**2059 श्री अजीत कुमार भुयान:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर पूर्वी क्षेत्र में परिकल्पित और कार्यान्वित नई पर्यटन विकास परियोजनाएं कौन-कौन सी हैं और उन परियोजनाओं की मंजूरी, कार्यान्वयन की स्थिति और निधीयन पैटर्न का ब्यौरा क्या है;

(ख) नए प्रस्ताव, जिन पर काम चल रहे हैं उनकी सूची और उनकी स्थिति क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राकृतिक और आध्यात्मिक स्थलों सहित इन क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन का नवीनतम रुझान क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)', और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सहित देश में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से अब स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2. 0(एसडी 2.0) का नया रूप दिया है।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध I में** दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, एसडी 2.0, प्रशाद और स्वदेश दर्शन 2.0 की "चुनौती आधारित गंतव्य विकास" नामक उप-योजना के तहत विकास के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र के कुछ गंतव्यों को चिह्नित किया गया है। इन चिह्नित किए गए गंतव्यों का ब्यौरा **अनुबंध II** में दिया गया है।

चिह्नित किए गए गंतव्यों पर परियोजनाओं के प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा तैयार किए जाते हैं। परियोजनाओं की समीक्षा और स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है और यह योजना दिशा-निर्देशों में निर्धारित प्रक्रियाओं और अपेक्षाओं के अनुसार सम्पन्न की जाती है।

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाएं केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं हैं जिनके तहत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को पर्यटन मंत्रालय द्वारा 100% निधि प्रदान की जाती है। कार्यान्वयन एजेंसियों को यह निधियां वर्तमान योजना दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार तथा भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अन्य अनुदेशों और निर्देशों के अनुरूप किस्तों में स्वीकृत और जारी की जाती हैं।

"पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता" योजना के तहत केंद्रीय एजेंसियों को पर्यटन अवसंरचना को विकसित करने के लिए 50 करोड़ रुपये तक की केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में घरेलू और विदेशी पर्यटक आगमन का ब्यौरा **अनुबंध III** में दिया गया है।

********

**अनुबंध ।**

श्री अजीत कुमार भुयान द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए नई पर्यटन विकास परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 08.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या **2059** के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** | **भौतिक स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 | 47.28 | पूर्ण |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा- सेप्पा- पप्पू, पासा, पक्के घाटियों- संगदूपोटा- न्यू सागली- जीरो- योम्चा का विकास | 96.72 | 91.88 | पूर्ण |
| 3. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबितोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू- सैखोवा का विकास | 94.68 | 89.94 | पूर्ण |
| 4. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 | 90.97 | पूर्ण |
| 5. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल-खोंगजोम का विकास | 72.23 | 61.32 | पूर्ण |
| 6. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोडन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 | 45.33 | पूर्ण |
| 7. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग-मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 | 99.11 | पूर्ण |
| 8. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | पश्चिम खासी पहाड़ियां (नोंगखलाव- क्रेमतिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रैशान, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमांग- | 84.97 | 84.96 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आयोक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टा बील, सिजू गुफाएं) का विकास | | | |
| 9. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और दक्षिणी ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास। | 92.26 | 92.26 | पूर्ण |
| 10. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रॉपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकावर्मुइटुएटलांग - मुथी - बेरतलाविंग -तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | 66.37 | 53.09 | पूर्ण |
| 11. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा-वोखा का विकास | 97.36 | 97.36 | पूर्ण |
| 12. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग-तुएनसांग-सोम का विकास | 98.14 | 98.14 | पूर्ण |
| 13. | सिक्किम | उत्तरपूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास (प्रवेश) - रोराथांग- अरितार- फादमचेन-नाथांग-शेरथांग- सोंगमो-गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन- थांगू-गुरुडोंगमर- मंगन- गंगटोक-तुमिनलिंगी- सिंगतम (निकास) | 98.05 | 97.41 | पूर्ण |
| 14. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगटम-माका-टेमी-बेरमोइकटोकल-फोंगिया- नामची -जोर्थांग-ओखरे-सोम्बरिया-दारमदीन- जोरेथांग- मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 | 95.32 | पूर्ण |
| 15. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहीजाला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेल कुंजा- गंडाचारा-अंबासा का विकास | 82.85 | 77.76 | पूर्ण |
| 16. | त्रिपुरा | उत्तर | सुरमा चेरा- उनाकोटी- जम्पुई | 44.83 | 35.25 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पूर्वी परिपथ<br>2018-19 | हिल्स- गुणबती-भुवनेश्वरी- नीरमहल- बॉक्सनगर- चोट्टाखोला- पिलक-अवंगाचारा का विकास | | | |

**स्वदेश दर्शन 2.0** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **गंतव्य** | **हस्तक्षेपों के नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 |
| 2 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज कैव एक्सपीरियंस | 32.45 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 |
| 4 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 |
| 5 | असम | जोरहाट | सिन्नामारा टी एस्टेट रीइमेजिंग | 23.91 |
| 6 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 |
| 7 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 |
| 8 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 |
| 9 | मेघालय | सोहरा | वॉटर फाल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 |
| 10 | नागालैंड | चुमौकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव | 21.56 |

**प्रसाद योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** | **जारी की गई राशि** | **भौतिक प्रगति%** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 21.95 | 83% |
| 2 | असम | कामाख्या मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 100% |
| 3 | मेघालय | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 24.92 | 100% |
| 4 | मिजोरम | चिते वांग, जुआंगताई, | 2022-23 | 44.89 | 6.52 | 9% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रईक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | | | | |
| 5 | नागालैंड | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 | 21.33 | 76% |
| 6 | नागालैंड | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा की पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 10.90 | 28% |
| 7 | सिक्किम | चार संरक्षक संतों युकसोम में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 | 87% |
| 8 | त्रिपुरा | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 37.80 | 25.62 | 67% |

**पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | असम (नेमती, पांडु, जोगीघोपा और बिश्वनाथ घाट) | 2019-20 | पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-2 (ब्रह्मपुत्र) में 4 जेट्टियों के विकास को जारी रखने के लिए मंजूरी दी है। | आईडब्ल्यूएआई | 28.03 | 7.01 | जारी |
| 2. | मिजोरम | 2020-21 | आइजोल, मिजोरम में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास | वैपकोस | 39.95 | 27.69 | जारी |
| 3. | एनईआर | 2022-23 | उत्तर-पूर्वी राज्यों में 22 व्यू प्वॉइंट्स का विकास | एनएचआईडीसीएल | 44.44 | 27.06 | जारी |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (i) नागालैंड(2 व्यूप्वाइंट)<br>(ii) मेघालय (3 व्यू प्वाइंट)<br>(iii) मिजोरम (9 व्यूप्वाइंट<br>(iv) अरुणाचल प्रदेश (4 व्यू प्वाइंट)<br>(v) मणिपुर (3 व्यू प्वाइंट)<br>(vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यू प्वाइंट) | | | | |
| 4. | असम | 2018-19 | कामाख्या रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.96 | 4.02 | पूर्ण |
| 5. | असम | 2018-19 | गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.99 | 4.34 | पूर्ण |

*******

**अनुबंध II**

श्री अजीत कुमार भुयान द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए नई पर्यटन विकास परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 08.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या **2059** के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत चयनित गंतव्य**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **चयनित गंतव्य/अधिसूचित** |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो, मेचुका |
| 2 | असम | जोरहाट, कोकराझार |
| 3 | मणिपुर | मोइरांग (बिष्णुपुर) |
| 4 | मेघालय | शिलांग, सोहरा |
| 5 | मिजोरम | आइजोल, चम्फाई |
| 6 | नागालैंड | न्यूलैंड, चुमौकेदिमा |
| 7 | सिक्किम | गंगटोक, ग्यालशिंग |
| 8 | त्रिपुरा | अगरतला, उनाकोटी |

**स्वदेश दर्शन 2.0 की उप-योजना "चुनौती आधारित गंतव्य विकास" के तहत**

| **क्र.सं.** | **गंतव्य** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **श्रेणी** |
|---|---|---|---|
| 1 | लंगथबल कोनुग | मणिपुर | संस्कृति और विरासत गंतव्य |
| 2. | मावफलांग गांव | मेघालय | संस्कृति और विरासत गंतव्य |
| 3. | नर्तियांग गांव | मेघालय | आध्यात्मिक गंतव्य |
| 4. | इमपुर गांव | नागालैंड | आध्यात्मिक गंतव्य |
| 5. | बिचोम बांध | अरुणाचल प्रदेश | इको पर्यटन और अमृत धरोहर गंतव्य |
| 6. | शिवसागर | असम | इको पर्यटन और अमृत धरोहर गंतव्य |
| 7. | दोयांग रिजर्वियर | नागालैंड | इको पर्यटन और अमृत धरोहर गंतव्य |
| 8. | किबिथो | अरुणाचल प्रदेश | वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम गंतव्य |
| 9. | गनथांग | सिक्किम | वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम गंतव्य |

**प्रसाद योजना**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परियोजना/विषय** |
|---|---|---|
| 1 | मिजोरम | वांगछिया, जिला चम्फाई |

*******

**अनुबंध III**

श्री अजीत कुमार भुयान द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए नई पर्यटन विकास परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 08.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या **2059** के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में घरेलू और विदेशी पर्यटक आगमन**

| | 2021 | | 2022 | | **2023 (अ)** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **डीटीवी** | एफटीवी | डीटीवी | **एफटीवी** | **डीटीवी** | **एफटीवी** |
| अरुणाचल प्रदेश | 102915 | 182 | 222437 | 1045 | 1040601 | 4496 |
| असम | 1409161 | 536 | 8382003 | 9001 | 7612720 | 23818 |
| मणिपुर | 49371 | 648 | 139518 | 3908 | 57701 | 3668 |
| मेघालय | 154409 | 411 | 937091 | 7874 | 1371674 | 19973 |
| मिजोरम | 87232 | 234 | 218420 | 2611 | 209087 | 3754 |
| नागालैंड | 23968 | 325 | 97431 | 2923 | 99720 | 4725 |
| सिक्किम | 511669 | 11508 | 1625573 | 68645 | 1321169 | 93908 |
| त्रिपुरा | 177816 | 5 | 235600 | 8491 | 366104 | 66708 |

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

अ: अनंतिम

******